# जमीन के सौदागारों का कमाल : दूसरे राज्य के व्यक्ति को पावर ऑफ अटार्नी बताकर करा ली करोड़ों की भूमि की रजिस्ट्री

## विक्रय भूमि पर हाईकोर्ट का स्थगन, भूमि स्वामी ने जमीन के लिए लगाई कलेक्टर से गुहार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर तहसील अंतर्गत करोड़ो की कृषि भूमि को भूमाफियाओं ने मिलीभगत कर पावर ऑफ अटार्नी के माध्यम से भूमि विक्रय कर और नामांतरण करा लिया गया है। मामला अथाईखेड़ा स्थित करोड़ों रूपयों की जमीन का है। जहां फर्जी विक्रेता बनकर व्यक्ति ने तीन लोगों को रजिस्ट्री कर दी, जबकि जो विक्रेता है उसका कहना है कि उसने एक इंच भी भूमि का विक्रय नहीं किया। करोड़ों रूपयों की इस फर्जी भूमि के विक्रय होने की जानकारी लगने पर भूमिधारक ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर साकेत मालवीय से शिकायत कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कंछेदीलाल पुत्र मनीराम कुशवाह हाल निवासी ग्राम सिरसा सेवढ़ा जिला दतिया ने कलेक्ट्रेट में आवेदन देकर बताया कि उसकी कृषि भूमि सर्वे नंबर 259/1, 361, 713, 773 एवं 929/1 ग्राम अथाईखेड़ा में है, जिसकी भूमाफियाओं ने मिलीभगत कर फर्जी रजिस्ट्री कर ली। कंछेदीलाल कुशवाह ने आवेदन में बताया कि भूमाफियाओं ने विक्रेता कंछेदीलाल कुशवाह जो हाल पाली राजस्थान में निवास कर रहे हैं। उसने बताया कि न तो रजिस्ट्री के समय उपस्थित हुये और न ही स्टाम्प क्रय किये। भूमाफियाओं तथा स्टाम्प वेंडर अमित गुप्ता के पुत्र ने पाली में जाकर क्रेता से गाड़ी खरीदने के नाम पर गुमराह किया और आधार कार्ड लेकर तथा ओटीपी प्राप्त कर फोटो खींचकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा ली। इसमें दो रजिस्ट्री हुई हैं, दोनों ही रजिस्ट्रियों में विक्रेता गुरूदयाल यादव ही है जिसने स्वयं के पास पावर ऑफ अटार्नी होने का दावा किया, जबकि भूमि के मूल स्वामी कंछेदीलाल कुशवाह और उनके भाई रामजीलाल कुशवाह है, उन्हें भूमि विक्रय की जानकारी लगी तो उन्होंने जिला प्रशासन को शिकायत की। उनका कहना है कि हमारे द्वारा किसी को भी पावर ऑफ अटार्नी नहीं दी गई, न ही जमीन विक्रय के कोई रूपये लिए गए फिर कैसे हमारी जमीन को विक्रय पत्र बन गया और उसका विक्रय हो गया।



### हाईकोर्ट का स्थगन फिर कैसे हो गई रजिस्ट्री

जिस कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्री की गई है उक्त भूमि पर 2016 से स्थगन आदेश है। जिस भूमि पर हाईकोर्ट का स्थगन आदेश है वह भूमि वादग्रस्त है। इस वादग्रस्त भूमि पर कंछेदीलाल बगैरा ने कलेक्टर व आयुक्त ग्वालियर के अहस्तांतरणीय को हस्तांतरणीय करने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया था जिसमें कलेक्टर न्यायालय ने 25/04/2015 को को अपील निरस्त की गई। आयुक्त ग्वालियर ने भी 25/01/2016 को कलेक्टर के आदेश को यथावत रखा। इसके बाद कंछेदीलाल कुशवाह ने राजस्व मण्डल ग्वालियर में निगरानी क्रं./483/2016 प्रस्तुत की गई। राजस्व मण्डल ग्वालियर ने निगरानी को स्वीकार करते हुये 20/05/2016 के कलेक्टर व आयुक्त ग्वालियर के आदेशों को निरस्त कर वादग्रस्त भूमि को आवेदकों के नाम के सामने अंकित अहस्तांतरणीय शब्द राजस्व अभिलेख खसरे से विलोपित किये जाने का आदेश पारित किया गया। तो वहीं राजस्व मंडल के उक्त आदेश के विरूद्ध सुगनचंद जैन निवासी अथाईखेड़ा ने हाईकोर्ट खण्डपीठ ग्वालियर में रिट पिटीशन क्रमांक /6304/2016 प्रस्तुत की गई, जिस पर हाईकोर्ट ने 9/9/2016 को आदेश पारित होने के बाद उक्त भूमि की यथा स्थिति बनाए रखी जाना थी। प्रकरण आज दिनांक तक यथा स्थिति में हाईकोर्ट में लंबित है।

### विक्रय भूमि है वादग्रस्त

कलेक्टर के आदेश के आधार पर वादग्रस्त भूमि के सर्वे नं. 259/1, रकवा 0.356, सर्वे नं. 361 रकवा 0.361, सर्वे नं. 713 रकवा 0.587, सर्वे नं. 773 रकवा 0.217 एवं 929/1 रकवा 0.217 हेक्टेयर भूमि का विक्रय 13/08/2025 को विक्रेता कंछेदीलाल पुत्र मनीराम कुशवाह ने अपने हिस्से की भूमि को क्रेता रमाकांत शर्मा, अशोक कुमार साहू एवं विश्ववीर सिंह रघुवंशी को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय पत्र संपादित कर दिया गया है। वहीं कलेक्टर के आदेश 8 सितंबर 2025 के आधार पर वाद ग्रस्त भूमि के सर्वे नं. 259/1, रकवा 0.356, सर्वे नं. 361 रकवा 0.361, सर्वे नं. 713 रकवा 0.587, सर्वे नं. 773 रकवा 0.217 एवं 929/1 रकवा 0.217 हेक्टेयर भूमि का विक्रय पत्र 18 दिसंबर 2025 को विक्रेता रामलील कुशवाह पुत्र मनीराम कुशवाह ने अपनी हिस्से की भूमि क्रेता रमाकांत शर्मा, नीलेश रघुवंशी और विश्ववीर सिंह रघुवंशी को रजिस्ट्रेट विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय कर दी।



# करीला आए श्रद्धालुओं से दुकानदारों ने की मारपीट

**एक सैंकड़ा श्रद्धालु पहुंचे थाने**

**पुलिस ने दो युवकों पर किया प्रकरण दर्ज**

नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** मंगलवार सुबह करीला में एक श्रद्धालु के साथ दो दुकानदार युवकों ने वाहन निकालने की बात से मारपीट कर दी। इस मारपीट से गुस्साए करीब एक सैकड़ा श्रद्धालु बहादुरपुर पुलिस थाने पहुंच गए और इस घटना की शिकायत कर दी। इसके बाद पुलिस ने दो दुकानदार युवकों पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अजय लोधी निवासी विसुनपुरा बामौरकलां जिला शिवपुरी ने अपने शिकायती आवेदन में बताया कि वह करीब एक सैकड़ा साथियों के साथ करीला आया था, मंगलवार सुबह जब सभी लोग वापिस लौट रहे थे तो एक दुकानदार से ठेला हटाने की बात से उनका विवाद हो गया। जिस पर अजय को इंदरभान सिंह यादव और अंकेष यादव नामक दुकानदारों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने युवक की शिकायत पर दोनों दुकानदारों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना षुरु कर दी है। दो दिन पहले ही उठाई गई थी चौकी की मांग बीते दिनों जब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जिले के प्रवास पर आए थे तो जसैया ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति सुनीता राजभान यादव ने दिषा की बैठक से पहले श्री सिंधिया से भेंटकर करीला में स्थाई पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग रखी थी। उनका कहना था कि करीला धाम विदिषा जिले की सीमा से सटा हुआ है। वहां जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां अपराध अधिक होते हैं। जिनमें वाहन चोरी होना, श्रद्धालुओं के साथ मारपीट होना, अश्लीलता एवं शराबनोषी शामिल हैं।

## एक नजर में

### TET के विरोध मप्र शिक्षक संघ ने विधायक एवं पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत अशोकनगर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा TET को लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ अब आर पार की जंग के मुड में आ गया है। जिसके चलते जहां संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए इस परीक्षा को रद्द किए जाने की मांग की थी, तो वहीं मंगलवार को शिक्षकों के हित को ध्यान में रखकर संघ के पदाधिकारियों द्वारा एक ज्ञापन विधायक एवं पूर्व विधायक के नाम सौंपे गए। जिनमें सरकार द्वारा न्यायालय में फिर से याचिका लगाए जाने की मांग की गई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय ने शिक्षकों की मांग को जायज ठहराते हुए साथ दिये जाने की बात कहीं गई।

### शिक्षकों की मांग, गर्मीयों में बदला जाए स्कूल के संचालन का समय

**नवभारत न्यूज अशोकनगर।** जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन की मांग अब और तेज हो गई है। इसी क्रम में कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर छात्रों एवं शिक्षकों के हित में स्कूलों का समय परिवर्तित करने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में तापमान निरंतर बढ़ रहा है, जिससे दोपहर के समय विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन कार्य करना अत्यंत कठिन हो गया है। खासकर प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छोटे बच्चों को लू, डिहाइड्रेशन, चक्कर आना एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर खतरा बना हुआ है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों का संचालन समय प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया जाए, जिससे भीषण गर्मी के प्रभाव से राहत मिल सके और पढ़ाई का कार्य भी सुचारू रूप से जारी रह सके। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अन्य जिलों की तरह अशोकनगर में भी शीघ्र निर्णय लेते हुए विद्यालय समय परिवर्तन का आदेश जारी किया जाए, ताकि छात्रों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

### आवास की किस्तों के लिए भटक रही है गायत्री देवी, जनसुनवाई में दिया आवेदन

**चंदेरी।** मंगलवार को हुई जनसुनवाई के दौरान 10 लोगों ने अपनी समस्याएं एसडीएम मनीष धनगर के सामने रखी हैं, जिन्हें निराकृत करने के लिए एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को भेज दी है लेकिन विभागीय अधिकारी उन समस्याओं को निराकरण करने में अपनी जरूरत के हिसाब से नियमों की व्याख्या कर मनमाने ढंग से आपत्तियां लगाकर उन्हें पेंडिंग लिस्ट में डालने की ब्यू रचना रचते हैं जिससे जरूर मंद लोगों की समस्याओं का निराकरण होने की जगह और उलझ जाता है। ऐसी ही एक समस्या गायत्री देवी की सामने आई है इनके द्वारा एसडीएम को दिए गए आवेदन में बताया गया कि मैंने छठवीं बार एसडीएम को आवेदन दिया है, जिसका उन्होंने तत्काल निराकरण कर आवास की किस्ते डालने के लिए नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है नगरपालिका सीएमओ द्वारा रजिस्टर्ड बंटवारा नक्शा की मांग को ढाल बनाकर आवास की किस्तें नहीं डाल रहे है। जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना में दिये गये नियम व निर्देशों में उक्त दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं है यदि हितग्राही के पास मालिकाना हक के वैध दस्तावेज उपलब्ध हैं, तो वह आवास की पूर्ण पात्रता रखती है।

# जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन की कछुआ चाल

## कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर कर अफसरों को लगाई फटकार, एक घंटा ज्यादा चली जनसुनवाई

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। करीब दो सैंकड़ा से अधिक आए आवेदनों को कलेक्टर ने समक्ष बैठाकर सुनवाई की, जिसके चलते अधिक समय लगा और जनसुनवाई अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे ज्यादा चली। समय से ज्यादा चली सुनवाई में बैठे जिला अधिकारी अपने मोबाइल और घड़ी पर बार-बार टाईम देखते नजर आए। तो वहीं कलेक्टर श्री मालवीय ने जनसुनवाई कक्ष में विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। तो वहीं जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन की कछुआ चाल पर अधिकारियों को फटकर लगाई।





इस दौरान उन्होंने जिला अधिकारी चंद्रशेखर सिसौदिया और स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण अधिकारी डॉ. रजनी छारी को अपसी समन्वय स्थापित न करने और टीकाकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर लताड़ा।

**अफसरों के पास नही थी टीकाकरण की जानकारी :**

कलेक्टर सांकेत मालवीय द्वारा जनसुनवाई कक्ष में जब एचपीवी वैक्सीनेशन की जानकारी अधिकारियों से मांगी गई, तो उन पर वैक्सीनेशन सबंधी जानकारी नहीं थी, जिसके चलते कलेक्टर श्री मालवीय ने नाराज हो गये और उन्होंने यह तक कह दिया कि सीनियर अधिकारी होने के बाद बच्चों जैसी हरकत कर रहे है। इससे जानकारी ले रहे है, उससे ले रहे है। वहीं उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप लोग काम करवाओंगे या फिर तमाशा देखेगों, तुम्हे तमाशा भी नहीं देखने दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने दोनो विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को समस्त जानकारी के साथ बुलाया।

**जनसुनवाई में आए 212 आवेदन :**

मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में 212 आवेदन प्राप्त हुए। जिनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता अशोक शर्मा द्वारा विद्यालयों में सस्ती पुस्तके उपलब्ध कराने एवं महंगी शैक्षणिक सामग्री की विक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की। तो वहीं समाजसेवी रंजीत यादव द्वारा स्कूलों द्वारा साठगांठ कर बेची रहीं कॉपी किताबो की विक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की। इसके अलावा भूमि के बटांकन से लेकर, कब्जा करने, आर्थिक सहायता दिलाने, पट्टा कम्प्यूटर में दर्ज करने सहित अन्य आवेदन आए।

# अल्पना सराफ बनी दिगंबर जैन महिला महासमिति की अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति के उज्जैन में संपन्न आंचलिक अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मणीन्द्र जैन, संस्थापक अध्यक्ष मंजू अजमेरा, राष्ट्रीय महामंत्री इंदु गांधी द्वारा मध्यांचल की नवीन कार्यकारी का गठन किया गया, जिसमें अल्पना सराफ को श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति मध्यांचल के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस मनोनयन पर प्रदेश भर से आए हुए वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समिति की सभी बहनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। श्रीमती सराफ ने नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए महासमिति को नई नई ऊंचाइयां प्रदान करने का वचन दिया। इसी अधिवेशन में मुंगावली संभाग की पूर्व



अध्यक्ष वंदना फट्टा को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा मुंगावली संभाग को अन्य पुरस्कार भी प्राप्त हुए वही कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों द्वारा दोनों चयनित पदाधिकारियों को मीठा खिलाकर शुभकामनाएं दी गई है।

# मृत्युभोज जैसी कुप्रथा को करे खत्म : अजय

**जमूसर गांव में श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

**कुप्रथा के खिलाफ लोगों ने लिया संकल्प**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम जमूसर में स्व. चार्ली राजा यादव की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि स्व. चाली राजा यादव, छोटे राजा यादव के बड़े पुत्र थे, जिनका कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव ने उपस्थित जनसमूह से तैरवी जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का आग्रह किया। उनके इस प्रस्ताव का गांव



के सभी लोगों एवं रिश्तेदारों ने समर्थन किया और भविष्य में ऐसी कुप्रथाओं को न अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री कृष्णा संस्थान के अध्यक्ष राव रंजीत सिंह यादव महुअन के पूर्व जनपद अध्यक्ष राव रामराजा यादव, अमरोद यादव महासभा अध्यक्ष जयराम सिंह यादव, सरपंच सिंहपुर चालदा रामसिंह यादव, सचिव परमाल सिंह यादव, सोतेर के राजेन्द्र सिंह यादव, उमरिया के बलबीर सिंह यादव, सरपंच नारायण सिंह सरसेला सहित समस्त ग्रामवासी एवं रिश्तेदार उपस्थित रहे।

# विधायक ने बुनकरों से जानी समस्याएं

**कहा बुनकर हमारी सांस्कृतिक विरासत**

**आर्थिक विकास के लिए किये जायेंगे प्रयास**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** स्थानीय जैन भवन में क्षेत्रीय विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने मंगलवार को बुनकरों मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुनकर समुदाय के कार्यों का अवलोकन किया तथा उनकी आजीविका से जुड़ी समस्याओं एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान विधायक श्री राय ने कहा कि बुनकर भाई हमारी पारंपरिक कला, कौशल और सांस्कृतिक



विरासत के महत्वपूर्ण वाहक हैं। उनके उत्थान, सशक्तिकरण एवं आर्थिक विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बुनकरों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का भी आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान उपस्थित वरिष्ठजनों एवं बुनकर भाइयों ने विधायक का स्वागत करते हुए अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। विधायक श्री राय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए वे निरंतर कार्यरत रहेंगे।

**अच्छे काम**

**एसडीएम ने दिखवाई दरियादिली**

# सेवा भाव से तत्काल बनाया गया गरीब रेखा का कार्ड

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत गरीब कन्याओं के विवाह करने का बीड़ा मुख्यमंत्री के द्वारा लिया गया, लेकिन इस कार्य को परिपूर्ण करने में अधिकारियों की? भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है यदि किसी गरीब कन्या को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में आवेदन करना है तो शर्तों मे शामिल परिवार के मुखिया का गरीबी रेखा का राशन कार्ड होना



अनिवार्य होता है,यदि गरीबी रेखा का राशन कार्ड कन्या के परिवार के पास नहीं है तो कन्यादान योजना के माध्यम से किए जा रहे विवाह सम्मेलन में वह शामिल नहीं हो सकता, जबकि वास्तविकता यह है कि कुछ गरीब परिवारों के लोग आज भी गरीबी रेखा के नीचे तो जीवन यापन कर रहे हैं लेकिन परिवार के पास गरीबी रेखा का राशन कार्ड नहीं है अब उन गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से करने यह नियम आड़े आ रहा है ऐसा ही एक मामला घनश्याम प्रजापति निवासी प्राणपुर का एसडीएम मनीष धनगर के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तत्काल तहसीलदार दिलीप दरोगा को राशन कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया ताकि घनश्याम प्रजापति अपनी पुत्री चांदनी प्रजापति का विवाह इस योजना के माध्यम से कर सके। इस जन हितेषी कार्य को करने में दोनों अधिकारियों ने अपनी दरियादिली दिखाते हुए सेवा भाव से तत्काल एक दिवस में गरीबी रेखा का राशन कार्ड जारी कर दिया ताकि विवाह जैसे शुभ कार्य में कार्ड रोडा न बने।

# प्लेटफार्म पर शौचालय नहीं, यात्री परेशान

नवभारत न्यूज

**शाढौरा।** रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था के नाम पर हमेशा करोड़ो रूपये खर्च किए जाते हैं, रेल यात्रियों की समस्याएं जस की तस है शौचालय के अभाव में रेल यात्री और रेल कर्मियों को भारी दिक्कत हो रही है। परेशानी क सामना करना पड़ रहा है मांग करने के बाद भी बावजूद भी रेल यात्रियों और रेल कर्मियों के लिए शौचालय का निर्माण नही कराया जा रहा है। शौचालय के अभाव में रेल यात्री और रेल कर्मियों को भारी दिक्कत हो रही है। सबसे ज्यादा तो महिला यात्रियों को फजीहत होती है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर शौचालयों की





सुविधा प्लेटफॉर्म न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे खास कर महिला यात्रियों को परेशानी होती है। ऐसे में स्टेशन मास्टर को कितना दिक्कत होता होगा ,यह अंदाजा लगाया जा सकता है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर शौचालयों की सुविधा प्लेटफॉर्म न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्लेटफार्म पर शौचालय बनाने की दैनिक यात्री पिछले लंबे समय से मांग कर रहे हैं। रेलवे इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है ।